**16.10 hrs.**

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS—*contd.*

SHRI INDER J. MALHOTRA: I was referring to the President's Address where he says:

> "It is a matter of regret that our relations with Pakistan and China remain unsatisfactory. We had hoped that the solemn Declaration of Teshkent would provide a basis for the development of peaceful and co-operative relations with Pakistan."

Our main armed conflicts with Pakistan had been over Kutch—to which reference had been made a little while ago—and over Kashmir. We hoped, prayed and worked for better relations with Pakistan. I should like to ask one question? On what basis have we done so? At what cost have we done so? After the Tashkent Declaration and even recently Pakistani leaders have been speaking of India in unfreindly terms. When their foreign minister. who was leader of Pakistani delegation to the UNCTAD Conference went back to Pakistan, he referred to our Home Minister's statement and said: Unless and until Pakistan gets Kashmir, there was no question of any negotiation or having better trade and comercial relations with India. This is clear indication of the trend of thinking of the Pakistani leaders. I have nothing against the Pakistani people. I know how they are being oppressed and suppressed politically and economically.

Let us have a clear-cut policy towards Pakistan. Let us make a clear distinction between the approach of the leaders of Pakistan on the one hand and of the common people of Pakistan on the other to the Indo-Pakistan problems. Whoever makes a reference to Jammu and Kashmir says that it is an integral part of India. I want to do a little plain speaking today. If some people after twenty years of independence still feel in India that the majority of the people of Kashmir have reservations about the State's accession to India, I think they are absolutely wrong. If some confusion and doubts had been created in the minds of the Kashmiri people, it was due to the confused and weak-kneed policy of the Central Government. Whenever there was peace and tranquillity for two or three years together the Central Government started some kind of negotiations at certain levels with Pakistan and that acted as an unsettling influence on the minds of the people of Kashmir. They felt that the Kashmir issue was not settled because the Government of India was always prepared to sit at a table and talk with Pakistan over Kashmir.

Another important political development has taken place in Jammu and Kashmir State. We welcome the release of Sheikh Abdullah. In 1947 he gave inspired leadership to the people of Jammu and Kashmir and he stood for complete accession of the State to the Union of India. At that time people accepted his leadership and listened to him .When he left that rightful path which he had himself advocated, the people threw him away.

Sir, there are certain people in this part of the country and certain political leaders, I would say, who believe that the only leader in Jammu and Kashmir State is Sheikh Abdullah I can only say this with full respect for them: that they are not aware of what Jammu and Kashmir State is, what the people of Jammu and Kashmir are, and what the political situation there is. Without any fear of contradiction, I can say this: that the majority of the people of Jammu, Kashmir and Ladakh—these three, main and important divisions of the State of Jammu and Kishmir, although they differ in language, although they differ in the cultural background, as far as the accession issue is concerned, are, one and all behind this.

I would only appeal to the Central Government that, at whatever level with any individual or with any other poltical organisation, if they discuss Kashmir, let them discuss the economic distress of Kashmir; let us discuss the unemployment problem which is existing in Jammu and Kashmir State; let us discuss the steps as to how that State can also economically come at equal level as other parts of the country are. Why is there always the discussion about the issue of accession of Kashmir? Why is there always discussion about Sheikh Abdullah's role in Kashmir? Why is there always discussion about the political development in that state.

When our Prime Minister said that there was possibility of some kind of adjustment or shift within the Indian Constitution, to this again the Pakistan Foreign Minister retliated. He objected. This is another clear indication as to how for the Pakistani leaders are prepared to come forward for improving the relationship with this country. This is purely an internal matter; this is purely a matter which concerns the people of India and the people of Jammu and Kashmir. Pakistan has got nothing to do with this. I would very strongly urge upon the Prime Minister that let this statement of hers be not misunderstood and not be confused in any way or be linked witht improving our relations with Pakistan. In my opinion, the real issue before us is the occupied Kashmir. I fail to understand, and the people of Jammu and Kashmir also fail to understand why there is always concern about the political set-up; why there is always talk about the accession issue, and on this part of the Jammu and Kashmir State which is an integral part of India there is no talk, and there is no concern about what is happening in that occupied Kashmir which is still with Pakistan.

**16.20 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*].

Sir, Jammu and Kashmir State is constitutionally and legally part of India, but the area of occupied Kashmir is under Pakistan and the people of occupied Kashmir are under Pakistan and Pakistan is keeping those people as slaves by their armed forces. I would appeal to those political leaders in our country, who say that for improving our relations with Pakistan we must have a settlement about Kashmir, that let us have first a settlement about occupied Kashmir and then, unite both parts of Jammu and Kashmir State and, then, if there is any kind of any other settlement, the people of Jammu and Kashmir would be willing to go along with the people of other parts of the country to solve the issue if ever there will be any other issue at all.

I know very well the conditions in occupied Kashmir. Not a single local man of that area has been recruited to that local administration which is being run by Pakistan, and the officers are being sent either from the Frontier Province or from the Punjab. Why? Because even the people of occupied Kashmir, as the people of other parts of Pakistan, are fed up with the dictatorship of Ayub. With regret I say that in this country nothing has been done about the sufferings of the people in occupied area of Kashmir. After the Tashkent Declaration, we made friendly gestures to improve our relations with Pakistan, but Pakistan doubled its armed forces and air force. It went all over the world to buy armament. At present Pakistan has got very friendly relations with communist China and there is no fear from China to Pakistan at this moment. Therefore, obviously Pakistan is having some sinister designs against India as in 1965. After the signing of the Tashkent Declaration, there has not been a single day when infiltration from Pakistan has not taken place into Jammu and Kashmir. Under these circumstances, I do not see what useful purpose this Tashkent Declaration has served or is going to serve in future.

Our complaint before the UN is pending. I would say that the UN

[Shri Inder J. Malhotra]

observers have time and again proved absolute failures. There has not been a single instance where they have been effective in maintaining peace on the cease-fire line. The people of Jammu and Kashmir very strongly object to the presence of these foreigners in the territory of Jammu and Kashmir, because we have a fear that they connive with Pakistani officers and pass on military information to them. That is why they have become a constant threat to the security of that State.

Again we have said that we should have peaceful co-existence with China and improve our relations with her. I fail to understand this. On our part, we always say, "You come and be our friend". But the country to whom we make this offer always shows us the gun. How long are we going to make such friendly gestures? Do we mean that we have forgotten about the territories which have been forcibly occupied by China? This nation will not rest till China and Pakistan are driven out from every inch of the soil of India which they have occupied.

Coming to the language issue, Jammu and Kashmir State is also a non-Hindi-speaking State. We want that our national language should flourish more speedily and in a peaceful and cordial atmosphere. I would make an appeal to the Central Government. As far as regional languages are concerned which have up till now not been included in the Eighth Schedule of the Constitution, those languages should be included. Here I would like to demand that Dogri and Rajasthani should be included in the Eighth Schedule of the Constitution.

With these words, Sir, I would like to conclude and once again tell this hon. House on behalf of the people of Jammu and Kashmir that they are one with the people of other parts of to see that in future they will never be betrayed and their future will always be guided well.

**श्री लखन लाल कपूर** (किशनगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के भाषण पर जो बहस चल रही है और राष्ट्रपति के भाषण में सरकार की नीति का जो उल्लेख किया गया है उस से मैं ऐसा समझता हूं कि इस भाषण में कोई नवीनता नहीं है और न कोई भविष्य की दिशा की ओर ही यह संकेत करता है। इसलिए मैं इस भाषण के विरोध में बोल रहा हूं। उपाध्यक्ष महोदय, सब से पहले मैं सरकार पर यह आरोप लगाता हूं कि अभी हाल में 14 फरवरी को ईस्टर्न रेलवे के लखीसराय स्टेशन पर जो हत्याकाण्ड हुआ है उस हत्याकाण्ड का जिम्मेदार अगर कोई है तो सीधे भारत सरकार है। इसलिए कि यह पहली घटना नहीं है। यह दूसरी घटना है और ठीक उसी तरह की घटना है। 1966 में 24 अक्तूबर को दशहरा पूजा के दिन भी देहात की जनता वहां गाड़ी पर चढ़ने के लिए खड़ी थी और ठीक इसी तरह से एक गाड़ी क्यूल से आई गया जाने के लिये। उस वक्त में जब कि वह अपार भीड़ बालबच्चों के साथ उस स्थान को पार कर रही थी, वे बेचारे देहात के अनजान और सीधे सादे आदमी थे, उसी वक्त डाउन मिथिला एक्सप्रैस निकली और उन लोगों के ऊपर चली गई जिस के कारण 40 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और करीब करीब 13 आदमी आहत हुए। उस मौके पर वहां की जनता ने मांग की और साथ साथ सरकार की तरफ से, रेलवे की तरफ से एक कमीशन बहाल हुआ। उस कमीशन ने भी रिपोर्ट की कि यहां पर यह स्टेशन इस तरह से बना हुआ है कि पटना से आने वाली गाड़ी को यात्री देख नहीं पाता है। ऐसा कर्विंग, ऐसा मोड़ वहां है कि एक मिनट भी गाड़ी को देर नहीं लगती है स्टेशन पर पहुंचने के लिए और तब वह गाड़ी की रोशनी दिखाई पड़ती है खास कर

रात्रि में, इसलिए उस स्टेशन को भंग किया जाय। वहां फैंसिंग कर दी जाय या वहां पर लाइन सीधी की जाय ताकि दूर से रोशनी दिखाई दे सके और लोग अपनी जान बचा सकें। लेकिन एक वर्ष से ज्यादा गुजर गया। करीब-करीब डेढ़ वर्ष हो रहे हैं। सरकार ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। बार-बार ध्यान दिलाया गया, इस सदन के सदस्यों के माध्यम से भी सरकार का ध्यान खींचा गया, स्थानीय जनता की तरफ से भी बार-बार ध्यान खींचा गया और खुद सरकार के द्वारा बहाल किए गए कमीशन ने इस तरह का रिकमेंडेशन किया, उस के बावजूद भी कोई परिवर्तन उस स्टेशन पर नहीं किया गया जिस का नतीजा हुआ कि यह दूसरी घटना 14 तारीख की रात्रि को हुई माघी पूर्णिमा के अवसर पर और उस अवसर पर आप जानते हैं उपाध्यक्ष महोदय, कि बिहार की धर्म-परायण जनता गंगा स्नान को आती है। हजारों की तादाद में वह वहां उस स्टेशन पर आती है और वहां से चढ़ती है। मैं कहना चाहता हूं कि स्टेशन मास्टर का दोष है या नहीं यह तो अलग देखने की बात है लेकिन दूसरा दोष यह है कि उसी वक्त में एक स्पेशल ट्रेन क्यूल से गया के लिए वहां पर मंगाई जाती है और ठीक उसी वक्त में 12 डाउन दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस वहां से पास करती है और उस के अन्दर लोग आ जाते हैं। मैं वहां का रहने वाला हूं। मैं जानता हूं उस स्टेशन को। मैं जानता हूं उस कर्विग को। कितनी भी जल्दी लोग करें भागने की, जहां हजारों की भीड़ इस पार से उस पार कर रही है, भागने की कोशिश करने के बावजूद भी इतनी जल्दी गाड़ी आ जाती है कि कुछ न कुछ वहां आहत हो ही जायेंगे। इसलिए मैं समझता हूं कि इस मामले में यह हत्याकाण्ड हुआ है और इस को मर्डर कहा जा सकता है। यह दूसरी बार जो बातें हुई हैं यह जान-बूझकर भारत सरकार ने हत्याएं की हैं और मैं भारत सरकार को हत्यारा साबित करना चाहता हूं। ऐसे गुनाह में एक आदमी का खून करने पर लोगों को फांसी की सजा दी जाती है तो दर्जनों आदमियों की हत्या करने पर क्यों नहीं भारत सरकार को पदच्युत किया जाय? क्यों नहीं भारत सरकार के प्रधान मंत्री इस बात को कबूल कर इस गुनाह के प्रायश्चित में रिजाइन करती है? उन को इस्तीफा दाखिल करना चाहिए क्योंकि जनता की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया है, जनता के खून से उन्होंने होली खेली है। यह मेरे चार्जेज़ हैं भारत सरकार पर।

दूसरी बात मैं आप के माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि यह देश बहुत बड़ा है और सारे देश की जिम्मेदारी भारत सरकार पर है। जनता की राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक सभी प्रकार की सुरक्षा का भार भारत सरकार पर है। मैं आप का ध्यान ले जाना चाहता हूं उत्तर और उत्तर-पूर्वी भारत की सीमा की ओर। वह सीमा जिस के बारे में अभी बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है वह आसाम के बारे में है। आसाम से ले कर नागालैण्ड, मिजो लैण्ड, नेफा उत्तर बंगाल और उत्तर बिहार को लेते हुए बिलकुल इधर लद्दाख तक की बात है। वहां पर जो हालत है वह यह है कि एक तरफ पूर्वी पाकिस्तान और दूसरी तरफ नेपाल की सीमा है; इन दोनों सीमाओं के बीच में कहीं पर पन्द्रह मील, कहीं पर 30 मील कहीं पर 40 मील का फासला पड़ता है और वह जिस का नाम बहुत ज्यादा हो चुका है नक्सलबाड़ी का, नक्सलबाड़ी में जो काण्ड हुआ है, वहां जो हत्याकाण्ड हुए हैं और जो तमाशा हुआ है उस में वह लोग भयभीत हैं। ठीक वहीं दार्जिलग का सिलिगुड़ी सब-डिवीजन, जलपाईगुड़ी जिला और वस्ट दिनाजपुर तथा बिहाल के पूर्णिया जिले से ले कर नक्सल-बाड़ी तक और इधर चम्पारन के भैंसालोटन तक एक अजीबोगरीब स्थिति बन गई है। मैं वहां से आता हूं, उस क्षेत्र को जानता हूं। वहां एक तरफ भारत सरकार के सुरक्षा

[श्री लखन लाल कपूर]

सिपाही सीमा पर मौजूद हैं। भारत सरकार के सुरक्षा सिपाही रखने का आशय यही है कि पाकिस्तान से आने वाले हमलावर या लुटेरों से नागरिकों की रक्षा की जाय और जो वहां बोडर पर स्मग्लिग होती है उस को रोका जाय। लेकिन यह कहते हुए खद होता है कि पिछले कई वर्षों से भारत सरकार का ध्यान इस पर खींचा जा रहा है, बार-बार ध्यान दिलाया जा रहा है लेकिन वहां पर सुरक्षा सिपाहियों के होते हुए भी आज वह एरिया उजाड़ सा मालूम होता है। वहां पर पाकिस्तान के नागरिक लुटेरों के रूप में, हमलावर के रूप में, आग्नेय अस्त्रों के साथ हजारों की तादाद में आते हैं और एक रात में पांच जगह, दस जगह लूट करते हैं। मवेशियों को लूटते हैं, उनके घरों में डाका डालते हैं, हत्याएं करते हैं और इस तरह से वहां पर जनता आतंकित हो चुकी है, भयभीत हो चुकी है, उन के जीवन और उनकी दौलत की कोई सुरक्षा नहीं है जिस से भयभीत हो कर गांव छोड़ने के लिए उन को लाचार किया जा रहा है। यह स्थिति एक तरफ है।

दूसरी तरफ 26 तारीख को जहां एक ओर सारे देश में लोग आजादी का पर्व मना रहे थे वहां दूसरी ओर उसी रात में इस्लामपुर सब-डिवीजन में पंडित पोथा, नारायणपुर और शाहपुर गांवों में पाकिस्तान के लुटेरे आते हैं हथियारों से लैस होकर और बड़े पमाने पर लट करते हैं। एक ही रात में तीन-तीन, चार-चार गांवों को घेर कर वहां के मवेशियों को लूटते हैं, दौलत को लूटते हैं, गोलियां चलाते हैं जिसमें कई एक आदमी मारे जाते हैं। 3 फरवरी को वहां पर रूहिया गांव में वह फिर हमला करते ह और लोगों को लूटने की कोशिश करते हैं जिसमें एक पाकिस्तानी हमलावर मारा जाता है। उनकी गोलियां वहां पर मिली हैं। इस तरह की हालत वहां पर है और यहां पर गृह-कार्य मंत्री यह कहते हैं कि हमने सुरक्षा सिपाही सीमा पर तैनात किये हैं और वहां के लोगों की पूरी सुरक्षा, पूरी हिफाजत का इन्तजाम है। म कहना चाहता हूं कि वह तथ्य से परे बात है। वह यहां पर बैठे रहते हैं जब कि हम लोग उन सीमाओं पर रहते हैं, उन गांवों में जाते हैं, वहां की जनता से पूछते हैं, रात दिन देखते हैं कि क्या परेशानी और क्या वस्तु-स्थिति है। वहां पर पुलिस का एडमिनिस्ट्रेशन फेल हो चुका है। पुलिस ऐसे लोगों से मिलकर और रिश्वत लेकर ऐसी डकैतियों और हत्याओं को डायरी पर लिखती ही नहीं है। डकैतियों को चोरी लिखती है। और हत्या को छिपा लते हैं। इस तरह से पुलिस की हरकतें वहां पर होती हैं। । वहां पर सुरक्षा सिपाही रात में शराब पीकर सोये रहते हैं, पैसा लेते हैं और लोगों को वहां से पार कर देते हैं। अगर ऐसा नहीं है, तो हजारों मवेशियों को वहां से हांक ल जाना, 10-15 मील के एरिये स इतने मवेशियों को ल जाना कोई मजाक नहीं है। हर तीन-तीन मील पर सुरक्षा सिपाहियों के कैम्प हैं, यदि वे पेट्रोलिंग करते हों तो क्या वजह है कि इतने मवेशी वहां से निकल जायें। सैकड़ों आदमी इस तरह से वहां पर आयें, मवेशियों को ले जायें और दिखाई न पड़े, इसके पीछे क्या तथ्य है? मुझे इस बात की जानकारी है कि वे लोग पैसा लेते हैं, घूस लेते हैं, देश की सुरक्षा की परवाह नहीं करते। मैं समझता हूं कि वहां के हमारे सुरक्षा सिपाही देशभक्त नहीं हैं, देशद्रोही हैं जो वहां से माल को लूट कर पाकिस्तान भेजने में शरीक होते हैं।

एक तरफ़ यह चित्र है और दूसरी तरफ़ नक्सलबाड़ी से चल कर पश्चिमी दीनाजपुर तक का चित्र है। गांव में कुछ रिफ्यूजियों को इकट्ठा करके, कुछ ऐसे लोगों को इकट्ठा करक, जो भूमिहीन हैं, खतिहर मजदूर हैं, उन के माध्यम से और साथ साथ पाकिस्तान के अन्दर जो उनके एजेन्ट हैं, उन के साथ मिल कर, हथियार इकट्ठे करके, वहां पर जबरदस्ती जमीनों पर दखल कर रहेहैं, फोर्सबली

उनकी ज़मीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उनके खेतों को, उनकी घास को उखाड़ते हैं, इस तरह से लौ-लैसनैस वहां पर फैला हुआ है, वहां पर कोई एडमिनिस्ट्रेशन नहीं है, जो उनकी जान व माल की रक्षा कर सके।

एक दूसरा चित्र नैपाल का है। वहां पर राजतांत्रिक प्रशासन है, कोई भी राजनीतिक पार्टी आजादी के साथ वहां पर काम नहीं कर सकती। चीन की नैपाल के साथ दोस्ती होने के कारण जो सड़क चीन ने तिब्बत से काठमांडू तक बनाई है, उस पर चीन का पूरा कब्जा है, उसको मेन्टेन करने के लिए उन के ही आदमी, इंजीनियर्स, ओवरसीयर्स, मजदूर, काम करते हैं। दूसरी तरफ़ काठमाण्डू से भैंसालोटन तक, जो बागमती नदी है, जो भारत की तरफ़ आती है, उस के किनारे किनारे, भारत की सीमा से लेकर काठमांडू तक जो सड़क बनाई जा रही है, वह भी चीन सरकार के माध्यम से बनाई जा रही है, वहां पर चीन के जासूस, उनकी आर्मी के लोग, प्लेन कपड़ों में आते हैं और आकर भारत के चम्पारन जिले के घोड़ासहन रजही-रजहवा गांव के इलाके में इकट्ठे होते हैं, वहां हमारी लेफ्ट-कम्यूनिस्ट पार्टी के लोग उनसे मिलते-जुलते हैं और कांस्पिरेसी करते हैं। नैपाल के पहाड़ी इलाके के लोगों में, खास कर लिम्बू, राय किरात, भोट जातियों के लोगों में माओत्से तुंग के बिल्ले देखे जा रहे हैं, इन के घरों में माउ की तस्वीर और लाल किताबें देखी जाती हैं उन को पैसा दिया जाता है और वहां पर बड़ी-बड़ी तैयारियां चल रही हैं। इसके साथ ही साथ जो नैपाली तराई के इलाकों में रहते हैं, उन के साथ इन पहाड़ी लोगों का संघर्ष कराने की साजिश चल रही है। जो भारतीय वहाँ रहते हैं आज उनके साथ दूसरी तरह का व्यवहार हो रहा है, उनके अन्दर उत्पात और फूट डलवाने की कोशिश की जा रही है जिससे कि नैपाल और भारत के बीच में खाई, पैदा हो, इसलिये आज वहां पर भारतीय नागरिकों की कोई सुरक्षा नहीं है। पूर्व नैपाल की भीतर सीमा पर से लेकर नक्सलबाड़ी, विराटनगर तक गलगलिया, बीबीगंज, दीगल बांध, रंगेली और भद्रपुर के सामने गुरिल्ला-वारफेयर की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसका नतीजा यह है कि भारत सरकार की मशीनरी उस तरफ बिल्कुल ठप्प है। स्टेट की मशीनरी तो खत्म हो ही चुकी है, वहां पर जितनी भी चैक पोस्ट्स हैं, उन पर कोई कड़ाई नहीं है। इस तरफ से उस तरफ जाना बिलकुल मुश्किल नहीं है, वहां से बड़े पैमाने पर धान और जूट जाता है, 10 लाख मन जूट भारत से नैपाल चला गया है और वहां से कहीं और चला गया।

इसी तरह से पाकिस्तान की तरफ़ भी हमारा सामान जाता है, स्मगलिंग हो रहा है, कोई शासन व्यवस्था वहां नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, 1962 में जब 20 अक्तूबर को चीन ने भारत पर आक्रमण किया था उस मौके पर ऐसा खतरा महसूस किया गया था कि उत्तरी सीमा की सुरक्षा के लिये वहां पर सेना रखी जाये और कुछ उपाय सोचे जायें। उसी दृष्टिकोण को सामने रख कर मिलिट्री रोड बनाने की बात हुई जो उत्तर प्रदेश से बिहार होते हुए आसाम तक जाय। "लट्रल रोड प्रोजेक्ट" के नाम से एक प्रोजेक्ट वहां पर खोला गया जिसके लिये 56 करोड़ रुपया भारत सरकार ने देना मंजूर किया। बिहार के भैंसालोटन से लेकर गलगलिया तक नैपाल की सीमा के साथ साथ जो सड़क बन रही है उसके लिये 34 करोड़ रुपया भारत सरकार ने सैंक्शन किया जिसमें से 16 करोड़ रुपया खर्च हो चुका है। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि भारत सरकार ने आज वह रुपया देना बन्द कर दिया है और वह सड़क जो पहले वार-फुटिंग पर बन रही थी वह स्प्रिट अब खत्म हो गई है हालांकि खतरा अब दूना हो गया है, लेकिन वह सड़क बनाने की स्कीम जो मिलिट्री के लिये थी अब नहीं हो रही है।

[श्री लखन लाल कपूर]

इसके साथ ही साथ आज कोई यह देखने वाला नहीं है कि 16 करोड़ रुपया जो खर्च हो चुका है उस में सिर्फ 2 मील सड़क बनी है, बाकी यों ही मिट्टी ढह रही है, ईंटें सड़ रही हैं, कहीं पर रोड़ी पड़ी हुई है, पुल यों ही अधूरे पड़े हुए हैं। करोड़ों रुपये का इंजीनियरिंग का सामान स्टीम रोलर्स, ट्रक, जीपें, वहां पड़ी सड़ रही हैं और बड़े सरकारी अधिकारी मुफ्त में पैसा लेकर बैठे हुए हैं। इन लोगों के अन्दर राष्ट्र के प्रति जो आस्था होनी चाहिए वह खत्म हो रही है और इसको देखने वाला कोई नहीं है कि हमारी सीमाओं का क्या होने वाला है। जब कि उसमें करोड़ों रुपये का गोलमाल हुआ है।

अब मैं आपका ध्यान देश की एकता के प्रश्न की ओर खींचना चाहता हूं। आज से 35 वर्ष या 37 वर्ष पहले जब स्वतन्त्रता संग्राम में शामिल होने का मुझे मौका मिला था, हमने राष्ट्रीय ध्वज को देखा था, राष्ट्र की आजादी का सपना देखा था, भारत की एक मूर्ति देखी थी—काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, पंजाब से आसाम तक भारत का एक चित्र जिसके लिए हमें लड़ना है, जिसके लिए हमें मरना है, जिसके लिये हमें कुर्बानी देनी है जिसके लिये सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, जतिन्द्रनाथ दास, खुदीराम बोस, चन्द्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, तिलक, गांधी, लाल-पाल-दास, सुभाष चन्द्र बोस जैसे बड़े-बड़े नेताओं ने जिस स्वाधीनता के लिये जिस भारत की अखण्डता के लिये अपनी कुर्बानी दी, आज अपनी आंखों से उसको ढहते देख कर दिल टूक-टूक हो जाता है। उपाध्यक्ष महोदय, एक आन्तरिक पीड़ा होती है कि हमने क्या सपना देखा था और क्या हो रहा है। अंग्रेजों के जाने के बाद भारत में जो एकता होनी चाहिये थी, भारत में जो आस्था होनी चाहिये थी, भारत की जो उन्नति होनी चाहिये थी—आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक—और सेक्यूलरिज्म का जो एक मजबूत झण्डा हमारे सामने लहराना चाहिये था, आज उसके विपरीत देख कर बहुत ही सदमा और तकलीफ होती है। आसाम में जो घटनायें घटी हैं, वे मामूली घटनायें नहीं हैं, बहुत ही भयानक घटनायें हैं। उन को देख कर दिल चौंकता है कि भविष्य किधर इंगित कर रहा है, कहां हम जा रहे हैं। चाहे लचित सेना के नाम पर, चाहे राम सेना के नाम पर और चाहे शिव सेना के नाम पर जो बातें हो रही हैं प्रान्तीयता के आधार पर, जातीयता के आधार पर, साम्प्रदायिकता के आधार पर भारत का ऐसा चित्र आज क्यों हो रहा है, भारत क्यों टूटने जा रहा है, किस का कसूर है, किसकी जवाबदेही है? भारत सरकार किसके हाथ में है? पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस के हाथ में हिन्दुस्तान का मुकम्मिल शासन भार रहा है और इसकी सौ फी सदी जवाबदेही कांग्रेस सरकार पर है। हिन्दुस्तान की एकता में लोगों की आस्था, लोगों का आचरण, लोगों के अन्दर भारत के प्रति मर मिटने की तमन्ना कांग्रेस ने धो-पोंछ कर समाप्त कर दिया है। नैतिकता को ऊपर ले जाने की जिम्मेदारी उन को थी लेकिन जो चित्र गांधी जी, जवाहरलाल जी, तिलक और उन नौजवानों का था जो हंसते हंसते फांसी के तख्ते पर झूल गये, जो गोली खा कर मर गये, जो जेल की चहारदीवारी के अन्दर सांस ले कर अपनी जवानी जला कर भस्म कर गये, वह कहां गया? कहां गया वह सपना? वह धूलिधूसरित हो गया। बिड़ला, टाटा और डालमिया के महलों में उनका ख्वाब कैद हो गया।

तीन-तीन पंचवर्षीय योजनायें हमारी खत्म हुई उनके ऊपर हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी आज हम एक मसला हल नहीं कर सके और वह है भूख का, गरीबी, बेकारी और नाबराबरी का। आज हम चीन से लड़ने के लिये भले ही सेनायें तायनात कर दें पाकिस्तान से लड़ने के लिये भले ही सेनायें कच्छ में चली जायें लेकिन जो दूसरा मोर्चा है यानी भूख की ज्वालाओं का, उसको सेना नहीं हल कर सकती। गोली और लाठी भूख

को ज्वाला नहीं बुझा सकतीं । हमारी सीमा और देश आज खतरे में है । जहां तक सेना का सवाल है वह सीमा पर लड़ेगी, लेकिन जो अन्दरूनी खतरा है जो अलग अलग प्रान्तों का निर्माण हो रहा है, भाषा के नाम पर प्रान्तीयता के नाम पर मजहब के नाम पर जो रीजनलिज्म पैदा हो रहा है, उसका क्या होगा ? आज उसके कारण भयानक असन्तोष नौजवानों में है । उन नौजवानों में जो पढ़ लिख कर जवान होकर सामने आ रहे हैं । उनकी बेकारी ऐसे लोगों की संख्या बढ़ा रही है जो भूखी पीढ़ी है, जो रोटी और रोजी की तलाश में है । मैं ऐसा कह सकता हूं कि यह पढ़े लिखे बेकार इन्सान एक चिन्गारी हैं जो भूखों की भीड़ है, भूखी जनता है वह बारूदखाना है । इसलिये इस चिंगारी के बारूदखाने में पड़ने के कारण ही देश की एकता टूटती है, देश की शान्ति भंग होती है और देश का भविष्य अन्धकारमय मालूम होता है । इसलिये इसका इलाज खोजना है । इनका इलाज केवल रोटी और रोजी है । अन्न और बेकारी की समस्या को हल करना है ।

पिछले बीस वर्षों में जापान कहां चला गया, जर्मनी कहां चला गया, इंग्लैण्ड कहां चला गया, जिन देशों में बम ही बम गिरते थे और एक मकान भी मुश्किल से सही सलामत बचा था, एक भी कारखाना मुश्किल से सही सलामत नहीं था, आज वह देश सातवें आसमान में हैं । लेकिन जहां 1942 में कलकत्ते में सिर्फ एक बम गिरा था, उसके सिवा और लड़ाई नहीं हुई, एक भी गोला नहीं गिरा और ऐसा हिन्दुस्तान हमें आजादी में मिला था, उसका हमने क्या किया? हम अभी तक उसके खुराक का मसला हल नहीं कर सके हैं । आज चाहे बंगाल हो, चाहे उड़ीसा हो, चाहे मध्य प्रदेश हो या बिहार हो, वहां अकाल ही अकाल है और भुखमरों की भीड़ है । इसलिये इसका इलाज निकालिये ।

हम सेना पर कितना खर्च कर रहे हैं ? कितनी ही जबर्दस्त सेना हम लद्दाख और नेफा में खड़ी कर दें या पाकिस्तान के मोर्चे पर, लेकिन यदि घर के अन्दर जो आग लगी है उसको बुझाने के लिये सरकार लोगों को खाना नहीं देती तो सारी सेना बेकार है । मैं सरकार से अर्ज करना चाहता हूं कि उसकी इस मामले में फेल्योर हुई है पिछले बीस वर्षों में । वही थोड़े से मौके थे इस समस्या को हल करने के लिये । इसके लिये आप को दो तीन सालों की मियाद बांधनी चाहिये थी, दो तीन सालों में जमीन का बटवारा करना चाहिये था । जब आप कहते थे हैं कि आप को समाजवाद लाना है । राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी समाजवाद की चर्चा हुई है । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार समाजवाद की रूपरेखा जानती है ? क्या वह समझती है कि समाजवाद क्या है ? क्या समाजवाद टाटा, बिड़ला डालमिया की थैलियों पर आयेगा ? क्या उनकी तिजोरियों के साथ बनेगा ? क्या उनके महलों पर समाजवाद खड़ा होगा ? न कि वह देश के 6 लाख गांवों में होगा । देश में जो उत्पादन के साधन हैं आखिर उनके ऊपर समाज का अधिकार कब होगा ? आज उन पर चन्द मुट्ठी भर पूंजीपतियों का अधिकार है और सारा देश उन की मुट्ठी में छटपटा रहा है । आज जहां गरीबी दूर होनी चाहिये थी वहां गरीबी बढ़ रही है । अमीर और भी अमीर होता चला जा रहा है । नतीजा यह हो रहा है कि यह जो मसला हल होना चाहिये था वह नहीं हो रहा है । महंगाई बढ़ती जा रही है । राष्ट्रपति के अभिभाषण में कहा गया है कि 1966 में महंगाई 16 प्रतिशत बढ़ी और पिछले साल में 5.7 प्रतिशत बढ़ी है । आज महंगाई और नाबराबरी बढ़ती जा रही है, भुखमरी बढ़ती जा रही है, अकाल बढ़ता जा रहा है ।

मैं जानना चाहता हूं कि आखिर आप कैसे देश को बनाना चाहते हैं । अगर आप फूड फ्रण्ट पर देश को बचाना चाहते हैं तो जमीन का बटवारा किया जाये, जमीन में कोआपरेटिव फार्मिंग की जाय, जमीन की

[श्री लखन लाल कपूर]

सिंचाई का प्रबन्ध किया जाये । इसी तरह से आज जो भुखमरी की संख्या बढ़ती जा रही है वह कम हो सकती है । आज हम देखते हैं कि हमारे यहां जो पढ़ लिख नौजवान हैं उनमें बकारी बढ़ रही है । आज भारत में 30 हजार इंजीनियर्स बेकार हैं । इससे बढ़कर लज्जा की बात हमारे लिये क्या हो सकती है । यह जो 20 हजार पढ़ लिखे इंजीनियर हैं यह देश के निर्माण के काम में हाथ बटा सकते थे, समाजवाद के निर्माण में हाथ बटा सकते थे, वह बेकार हैं और बकार होकर भुखमरों की टोली बना कर इधर उधर भटक रहे हैं । इससे बढ़ कर लज्जा की बात और क्या हो सकती है ?

आपने बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज खोली हैं, हेवी इंजीनियरिंग कारखाने खोले हैं । क्या इसी तरह से आप देश को अमरीका बनायेंगे । आज हिन्दुस्तान अमरीका तो नहीं बन पाया, हां, वह कुछ और बन गया है । इसलिये जब तक स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज नहीं चलाई जातीं, जब तक गांवों में उद्योगों का जाल नहीं बिछ जाता, तब तक यह बेकारों की आबादी बढ़ती रहेगी और लोगों में असन्तोष बढ़ेगा । लोग झंडे जलायेंगे, रेलें तोड़ेंगे, बसें जलायेंगे, दूकानें लूटेंगे और अराष्ट्रीय तत्वों का प्रसार होगा । अराष्ट्रीय तत्वों के बढ़ने से चीन और पाकिस्तान हिन्दुस्तान को ध्वस्त करेंगे और उन को देश की एकानमी को बरबाद करने में, राष्ट्रीयता को तोड़ने में, हिन्दुस्तान के सारे मन्सूबों को चूर चूर करने में सफलता मिलेगी ।

आज वियटनाम में एक नरमेध यज्ञ हो रहा है, यह नरमेध यज्ञ पिछले कई वर्षों से हो रहा है । इसके लिये साउथ ईस्ट एशिया के छोटे छोटे मुल्क भारत को अपना नेता मानते थे, बड़ा भाई मानते थे, उन्हें हम से बड़ी बड़ी उम्मीद थीं । जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ था तब उन्होंने बड़ी आशायें हम से लगाई थीं, लेकिन उनकी सारी आशाओं पर पानी फिर गया । आज चीन और अमरीका के बीच में जो भिड़न्त वियटनाम के सम्बन्ध में हो रही है, उसके सम्बन्ध में भारत की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है क्योंकि हम अमरीका के मुखापेक्षी हैं । हम वहां से कर्जा मांगते हैं, अन्न मांगते हैं, मशीनें मांगते हैं । हम अमरीका के गुलाम हैं । इसलिये हमारी हिम्मत नहीं होती अमरीका के खिलाफ बोलने की और न्याय स्थापित करने की । आज साउथ ईस्ट एशिया के छोटे-छोटे मुल्क हमारी तरफ देख रहे हैं, आज वह एक नेता खोज रहे हैं, लेकिन भारत की वैदेशिक नीति में इतनी फेल्योर रही है कि उसमें नेता बनने की क्षमता नहीं रह गई है । हम मार खाये हुए हैं । आज हम छोटे छोटे मुल्कों को सौहार्द से अपना सकते हैं, उनको कोआपरेशन दे सकते हैं ताकि वह हमारी रहनुमाई में चलें । आज अमरीका रूस और चीन के जो तीन दैत्य हैं, जो शोषित पीड़ित मानवता को निगल जाने के लिए उद्यत हैं, उनसे बचाने के लिये हमें कुछ करना है । मानवता पर आज जो खतरा है, हिन्दुस्तान पर जो खतरा हो रहा है, उसको उससे बचाने की हम में क्षमता है । उसके लिये भारत सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिये ।

आज जो सवाल यहां उठाया जा रहा है कच्छ के मामले में, उसके सम्बन्ध में स्थिति यह है कि इंटरनेशनल कोर्ट का फैसला हुआ है । मैं कहना चाहता हूं कि एक इंच भूमि भी पाकिस्तान को नहीं मिलनी चाहिये चाहे इसके लिये हिन्दुस्तान स्वाहा हो जाये । इसके लिये हम लोहे से लोहा बना कर रहेंगे इसके लिये हम को सरकार को ऐश्योरेंस देना चाहिये ।

---

16.52 hrs.

RE. AWARD OF KUTCH TRIBUNAL—*Contd.*

**श्री मनुभाई पटेल** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी एक गलती सुधारना चाहता हूं । जब श्री मधु लिमये ने कहा कि उन्होंने रेडियो पर कच्छ के बारे में सुना, तब मैंने कहा था कि